देदे थोडा प्यार मैया तेरा क्या घट जाएगा

देदे थोडा प्यार मैया तेरा क्या घट जाएगा।
देदे थोडा प्यार मैया तेरा क्या घट जाएगा,
यह बालक भी तर जाएगा, देदे थोडा प्यार...

दे दिया तुमने सबको सहारा माँ, जो द्वारे आया है,
भर दिया दामन उस का ख़ुशी से माँ, जो अर्जी लाया है,
मुझ को देने से खजाना कम नहीं हो जाएगा।
यह बालक भी तर जाएगा, देदे थोडा प्यार...

है पुराना माँ रिश्ता हमारा जो, उसे तुम याद करो,
करदे कृपा ओ माँ, बालक तुम्हारा हूँ, मेरे सर पे हाथ धरो,
प्यार का रिश्ता हमारा टूटने ना पाएगा।
यह बालक भी तर जाएगा, देदे थोडा प्यार...

जान मेरी यह माँ, तेरे हवाले है, इसे अब पार करो,
गर दे दिया तुने इसको किनारा ना, तो यह विशवास करो, माँ,
यह तेरा दरबार जय जयकारों से गुन्जाएगा।
यह बालक भी तर जाएगा, देदे थोडा प्यार...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/530/title/dede-thoda-pyar-maiya-tera-kya-ghat-jayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |